परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009

OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS

No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/I/1005/Hly.10.2015/Volunteers **दिनांक/Dated: 01.09.2015**

सेवा में,
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग ।
र.ले.नि., सिकंदराबाद के सभी अधीनस्थ कार्यालय ।

विषय : चयन स्टेशन को स्थानांतरण के लिए स्वैच्छिक कर्मचारी - अर्ध-वार्षिक - अंतर-कमान ।

****

आपके कार्यालय में सेवारत उन स्वेच्छा कर्मचारियों के विवरण (श्रेणी 'ख' अधिकारी और श्रेणी 'ग' कर्मचारी) जो 31.01.2015 को समाप्त छमाही के लिए अपने चयन स्टेशन/अंतर-कमान स्थानांतरण के लिए विकल्प दे रहे हैं निर्धारित प्रपत्र में (दो प्रतियों में) इस कार्यालय को दिनांक 28.09.2015 तक अनिवार्य रूप से भेज दें । कृपया स्वेच्छा कर्मचारियों को निदेश दें कि वे संलग्न अनुलग्नक 'ए-1' में दर्शाए गए निर्धारित प्रपत्र में ही आवेदन करें ।

2. आवेदन को भेजते समय निम्नांकित दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखा जाए ।

(क) जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने वर्तमान स्टेशन में 02 वर्षों की अवधि पूरी नहीं की है उनके आवेदनों को न स्वीकार करें/न भेजें ।

(ख) अधिकारियों और कर्मचारियों की सूचियाँ अलग-अलग भेजी जाएं ।

(ग) क.च.आ. के माध्यम से /अंतर-विभागीय स्थानांतरण पर भर्ती नए कर्मचारियों/भर्तियों द्वारा वर्तमान स्टेशन में तीन वर्षों (पुरुष कर्मचारी) और दो वर्षों (महिला कर्मचारी) की अवधि पूरी न करने पर उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएं ।

(घ) उसी स्टेशन में कमान में परिवर्तन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों (महिलाओं सहित) की आयु 55 वर्ष से अधिक होनी चाहिए । वर्तमान कार्यालय और जिस कार्यालय को स्थानांतरण माँगा जा रहा है, उनके बीच की दूरी 20 कि.मी. से कम नहीं होनी चाहिए और व्यक्ति ने वर्तमान कार्यालय में तीन वर्षों की अवधि पूरी की होनी चाहिए ।

3. पिछली छमाही रिपोर्ट में उनके नाम पहले ही भेजे जाने के बावजूद, प्रत्येक छमाही के लिए, अधिकारियों और कर्मचारियों की नई सूची तैयार करके मुख्यालय कार्यालय को भेजी जानी चाहिए ।

4. मुख्य कार्यालय को नाम भेजते समय उप-कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी की विशिष्ट संस्तुति अनिवार्य है ।

5. दिनांक 28.09.2015 के उपरांत प्राप्त आवेदनों को न भेजा जाए ।

हस्ता/-
(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)

संलग्न : उपरोक्तानुसार

<u>प्रतिलिपि</u>:

ई.डी.पी. केंद्र स्थानीय : वेबसाइट में अपलोड करने के लिए ।

हस्ता/-
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)